रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद
सूबेदारगंज, इलाहाबाद – 211011

दिनांक : 09.01.2017

सहायक लोको पायलट हेतु के0रो0नि0सू0 संख्या 01/2014 में मनोदक्षता परीक्षण हेतु चौथा पूरक परिणाम (शुद्धिपत्र)

केन्द्रीय रोजगार सूचना संख्या 1/2014 के अन्तर्गत सहायक लोको पायलट पद के मनोदक्षता परीक्षण हेतु परिणाम को रोजगार समाचार पत्र में दिनांक 29.08.2015 से 04.09.2015 के अंक में प्रकाशित किया गया था। जिसमें 25,304 अभ्यर्थी सफल हुए थे। के0रो0नि0सू0 संख्या 01/2014 के अन्तर्गत मनोदक्षता परीक्षण हेतु 248,68 एवं 12 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था। जिसका परिणाम क्रमशः रोजगार समाचार पत्र में दिनांक 12-18 दिसम्बर 2015 दिनांक 30.04.2016 से 06.05.2016 के अंक में एवं 16-22 जुलाई 2016 में प्रकाशित किया गया था।

24.12.2016 को पूर्व में प्रकाशित एवं 27.01.2017 को निर्धारित मनोदक्षता परीक्षण को कुछ प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया जा रहा है। के0रो0नि0सू0 संख्या 01/2014 के अन्तर्गत 14 अभ्यर्थियों (7 पूर्ववर्ती + 7 नए अभ्यर्थी) के मनोदक्षता परीक्षण अब दिनांक 10.02.2017 को निर्धारित किया गया है। 14 अभ्यर्थियों का अनुक्रमांक निम्नवत् हैः-

1103554	**2403652**	**2408567**	**3415176**	**3417068**	**4106456**	**5412918**	**7414111**
8207257	**8415116**	**8417443**	**8424458**	**9406636**	**9419800**	**(चौदह मात्र)**	

इनका मनोदक्षता परीक्षण दिनांक 10.02.2017 (समय 10:00 बजे) रेलवे भर्ती बोर्ड में विपरीत महाप्रबंधक कार्यालय/प्रधान कार्यालय नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, निकट रेलवे हॉस्पिटल, सूबेदारगंज, इलाहाबाद-211011 के कार्यालय में सम्पन्न होगा।

नोट 1. अभ्यर्थियों को दिये गये अनुक्रमांक के लिए निर्धारित दिनांक एवं समय पर दक्षता परीक्षण हेतु रिपोर्ट करना चाहिए। अनुपस्थिति एवं विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा।

2. ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास सहायक लोको पायलट पद हेतु अपेक्षित अर्हता नहीं है उन्हें मनोदक्षता परीक्षण में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। यह तकनीशियन के पद हेतु इनके अभ्यर्थन को प्रभावित नहीं करेगा।

3. सहायक लोको पायलट पद हेतु अन्तिम चयन सभी तरह से आवेदन की वैधता तथा अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों के दक्षता परीक्षण के उत्तीर्ण करने पर निर्भर होगा।

अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया है। डाक द्वारा बुलावा पत्र न मिलने की स्थिति में अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे दक्षता परीक्षण हेतु वे मुख्य लिखित परीक्षा के बुलावा पत्र के साथ एक आई0डी0 प्रूफ (वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) एवं 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि व समय पर सम्पर्क करें।

यदपि उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में सभी सावधानियां बरती गई हैं फिर भी अनजाने में हुई त्रुटि से इन्कार नहीं किया जा सकता है, ऐसी सभी त्रुटियों में बाद में सुधार करने का अधिकार रेल भर्ती बोर्ड के पास सुरक्षित है।

परिणाम हमारी वेबसाइट www.rrbald.nic.in एवं www.rrbald.gov.in पर भी उपलब्ध है।

दक्षता परीक्षण/मनोविश्लेषण परीक्षण सम्बन्धी विवरण आर0डी0एस0ओ0 की वेबसाइट www.rdso.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है।

सहायतार्थ दूरभाष : 0532-2224531

No. 0008/2017

अध्यक्ष - रे.भ.बो./इलाहाबाद

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"